छत्तीसगढ़ से बाहर देश के अन्य राज्यों में भी 'छत्तीसगढ़ हर्बल्स' की धूम

चर्चा में क्यों?

22 सतिंबर, 2022 को छत्तीसगढ़ जनसंपर्क वभिाग के सहायक संचालक प्रेमलाल पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ ही नहीं, अपितु देश के अन्य राज्यों में भी अब 'छत्तीसगढ़ हर्बल्स'ब्रांड के उत्पादों की मांग होने लगी है।

प्रमुख बिंदु

- 'छत्तीसगढ़ हर्बल्स'के उत्पाद की शुद्धता एवं गुणवत्ता के चलते छत्तीसगढ़ से बाहर महाराष्ट्र एवं गोवा राज्य में भी इसके विक्रय के लिये दुकानें लगाई जाएंगी, जहाँ छत्तीसगढ़ हर्बल्स के उत्पाद आसानी से उपलब्ध होंगे।
- गौरतलब है कि 'छत्तीसगढ़ हर्बल्स'ब्रांड के अंतर्गत राज्य लघु वनोपज संघ के वन धन विकास केंद्रों द्वारा उत्पादित 130 से भी अधिक उत्पाद हैं और कलेक्टर सेक्टर के अंतर्गत कार्यरत् स्व-सहायता समूह के 90 से भी ज़्यादा उत्पाद हैं। ये उत्पाद अभी छत्तीसगढ़ में 32 संजीवनी दुकानों, धनवंतरि दुकानों, सी.एस.सी दुकानों, अमेज़न, फ्लिपकार्ट के माध्यम से बाज़ार में उपलब्ध हैं।
- इस दिशा में छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ ने विपणन के क्षेत्र में एक नईं उपलब्धि हासिल की है। अब छत्तीसगढ़ हर्बल्स के उत्पाद महाराष्ट्र एवं गोवा राज्य में भी दुकानों में विक्रय के लिये उपलब्ध होंगे। नेचरो मेडेक्स प्रा. लि. पुणे का चयन संघ द्वारा 'छत्तीसगढ़ हर्बल्स'के उत्पादों को महराष्ट्र एवं गोवा राज्य में विपणन के लिये प्रथम चरण में किया जा चुका है।
- अन्य राज्यों से भी निजी निवेशकर्त्ता और वितरक 'छत्तीसगढ़ हर्बल्स'के उत्पाद की राज्य में सफलता को देखते हुए अपनी रुचि प्रदर्शित कर रहे हैं, जिसे देखते हुए छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ ने भारत के विभिन्न प्रदेशों से विपणन के लिये राज्यस्तरीय संवितरकों की इच्छुक पार्टियों से रुचि आमंत्रित की है।
- महाराष्ट्र एवं गोवा में राज्यस्तरीय संवितरक के चयन के फलस्वरूप अब वहाँ के निवासियों को 'छत्तीसगढ़ हर्बल्स'ब्रांड की अनमोल शुद्धता का आनंद नज़दीकी रिटेल दुकानों से प्राप्त करने का लाभ मिलेगा। देश के अन्य राज्यों में भी संवितरक की पहचान/संवितरक के चयन की प्रक्रिया क्रमिक रूप से जारी है।
- राज्य लघु वनोपज संघ के प्रबंध संचालक संजय शुक्ला ने बताया कि कवर्धा वन धन विकास केंद्र में शहद प्रसंस्करण के लिये एक नया संयंत्र लगाया जा रहा है। इसी तरह आसना जगदलपुर में नवीन उन्नत काजू प्रसंस्करण इकाई की स्थापना की जा रही है। धमतरी के दुगली में एलोवेरा उत्पादों को बनाने के लिये तथा बरोण्डा, रायपुर में प्रीमियम जामुन जूस को बनाने के लिये इकाइयों की स्थापना की जा रही है।
- इसी प्रकार अन्य वन धन विकास केंद्र इकाइयों में आई.आई.टी. कानपुर के विशेषज्ञ सलाहकारों की राय लेकर सुधार किया जा रहा है एवं आधुनिकीकरण किया जा रहा है, जिससे कि उत्पादों की उच्चस्तरीय गुणवत्ता अनवरत् बनी रहे।
- छत्तीसगढ़ हर्बल्स के अंतर्गत विगत दो वर्षों से दीपावली के अवसर पर गिफ्ट पैक बाज़ार में लाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ हर्बल्स के उत्पाद आकर्षक पैकेजिंग में उपलब्ध होते हैं, जिसमें गुणवत्ता और शुद्धता की गारंटी है। ये गिफ्ट पैकेट शीघ्र संजीवनी दुकानों, बडी निजी रिटेल दुकानों, सी मार्ट, अमेजन, फ्लिपकार्ट के माध्यम से विक्रय हेतु उपलब्ध होंगे।
- 'छत्तीसगढ़ हर्बल'ब्रांड में छत्तीसगढ़ के वनों से आदिवासी महिलाओं द्वारा संग्रहित और उनसे तैयार किये गए उत्पादों का विक्रय किया जाता है, जिसका उद्देश्य आदिवासियों एवं अन्य वनवासियों का सामाजिक और आर्थिक उत्थान है।
- हर्बल ब्रांड में भृंगराज तेल, नीम तेल, हरबल साबुन, च्यवनप्राश, शुद्ध शहद, सेनेटाइजर, हर्बल हवन सामग्री, बीज तेल, आंवला जूस, बेल शरबत, जामुन जूस, महुआ आर.टी.एस, महुआ स्क्वैश, हर्बल कॉफी, आँवला लच्छा, अचार, पाचक कैंडी, बेल मुरब्बा, चाय उपलब्ध हैं, जबकि महुआ के लड्डू, जैम, कुकीज, अचार, चिक्की, चंक्स और इमली के ब्रिक्स, कैंडी, कौंचपाक, इमली सॉस एवं जामुन चिप्स, मसाला गुड़ पाउडर एवं आयुर्वेद चूर्ण के विभिन्न उत्पादों का विक्रय किया जा रहा है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chhattisgarh-herbals-3